न्यायालय नायब तहसीलदार उदयपुरवाटी जिला झुंन्झुनूं

मु.न.	दायर दिनांक	अ. धा.	निर्णय दिनांक
33 / 2017	13.09.2017	91 एल.आर.एक्ट	24.10.2017

सरकार बनाम किशनसिंह पुत्र शिशपालसिंह जाति रावणा राजपूत निवासी मणकसास

24.10.2017 पत्रावली आज पेश हुई। अतिक्मी अनुपस्थित । पत्रावली का अधोपान्त अवलोकन किया गया। प्रकरण संक्षिप्त में निम्न प्रकार से है कि पटवारी हल्का मणकसास नें सम्वत 2074 में इस आश्य की रिपोर्ट प्रस्तुत की कि मोजा ग्राम मणकसास के भूमि ख0न0 1020 रकबा 0.14 है0 किस्म गै0मु0 पहाड़ मे से रकबा 0.14 है0 व खसरा नं0 1021 रकबा 0.59 है0 किस्म गै0मु0पहाड़ में से 0.30 है0 एवं खसरा नं0 2244 / 1005 रकबा 0.38 है0 किस्म गै0मु0 पहाड़ में से 0.11 है0 पर किशन सिंह पुत्र शिशपाल सिंह जाति रावणा राजपूत निवासी मणकसास ने बाजरा काश्त कर व डोला एवं छड़ी की बाड़ बनाकर अतिक्मण किया है। रिपोर्ट पटवारी हल्का मणकसास के आधार पर प्रकरण रा0 लैण्ड रेवन्यु एक्ट 1956 की धारा 91 एल.आर.एक्ट के तहत दर्ज रजिस्टर किया गया अतिक्मीगण को जरिये सम्मन नोटिस अ0 धा0 91 एल. आर.एक्ट के तहत तलबी सम्मन नोटिस जारी की गये ।

रिपोर्ट पटवारी हल्का मणकसास एवं पत्रावली पर उपलब्ध रिकार्ड सबुत दस्तावेज का अवलोकन किया गया। अतिक्मीगण द्वारा किया गया अतिक्मण अवैध हैचूंकी भूमि किस्म गै0मु0 पहाड़ हैं, अवैध एवं नियमों के अनुसार नहीं होने के कारण अतिक्मी द्वारा क्िया गया अतिकमण प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार लगातार कब्जा साबित नहीं होने के कारण नियमन की तारीफ में नहीं आता है। अतः अतिक्मी को रा0 लैण्ड रेवन्यु एक्ट 1956 की धारा 91के तहत अतिक्मी घोषित किया जाता है तथा जेर बहस रिपोर्ट पटवारी हल्का / भू0अ0निरीक्षक को अतिक्रमित रकबे से अतिक्रमी को बेदखल किये जाने के आदेश दिये जाते है। तथा पटवारी हल्का / भू0अ0निरीक्षक को लिखा जावे की अतिक्मी को अतिक्मण शुदा रकबे पर से भौतिक रूप से बेदखल कर बेदखली रिपोर्ट पेश करें। आदेश बेदखली पारीत होने पर पृथक से इजराई रजिस्टर में पत्रावली दर्ज की जाकर भौतिक बेदखली रिपोर्ट पटवारी हल्का से प्राप्त कर दर्ज करें।

अतिक्मी द्वारा गै0मु0 पहाड़ भुमि पर अवैध रूप से अतिक्मण कर लिये जाने के दण्ड स्वरूप सरह लगान 0.84 रू का 50 गुणा तावान की कुल राशि 42 /— अक्षरे बयालिस रूपये मात्र बतौर शास्ती पैलन्टी जुर्माना आरोपित किये जाते है। पटवारी हल्का एवं तहसील राजस्व लेखाकार को जमा कायमी वसुली तथा बेदखली रिपोर्ट पेश करने हेतु लिखा जावे पत्रावली दर्ज फैसल होकर नम्बर शुमार से कम हो। पत्रावली बाद तकमील जाप्ता कार्यवाही संग्रह भण्डार हो। निर्णय मेरे द्वारा पृथक से टंकण करवाया जाकर आज दिनांक 24.10.2017 को खुले न्यायालय मे पढ़कर सुनाया गया।

नायब तहसीलदार
उदयपुरवाटी